आकाशवाणीः देहरादून
शनिवार : 27.04.2024
समय 1830

मुख्य समाचारः-

- सरकार ने प्रदेश में बढ़ती वनाग्नि घटनाओं को देखते हुए वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नैनीताल में वनाग्नि से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए हवाई सर्वेक्षण किया, कहा– सरकार वनाग्नि के रोकथाम के लिए प्रयासरत है।
- चारधाम यात्रा के लिए जी.एम.वी.एन के अतिथि गृह में अबतक 11 करोड़ 75 लाख रुपये से अधिक की ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग की गई।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आज पहली बार प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में बस्ता मुक्ति दिवस मनाया गया।

सीएम वनाग्नि बैठक

प्रदेश में बढ़ती वनाग्नि घटनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द कर दी हैं। आज नैनीताल के हल्द्वानी में आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वनाग्नि की रोकथाम के लिए सरकार प्रयासरत है।

इससे पहले श्री धामी ने आज नैनीताल जिले में वनाग्नि से हुए नुकसान का आकलन के लिए हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जंगलों में आग लगाने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की जाएगी। इसी बीच, भारतीय वायु सेना के एमआई–17 हेलीकॉप्टर की मदद से नैनीताल के जंगलों में लगी आग पर काबू पाने की कोशिशें जारी हैं। अबतक कई हेक्टर में फैली आग पर काबू पा लिया गया है। राज्य वनाग्नि और आपदा प्रबंधन की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के पर्वतीय जिलों में 598 वनाग्नि घटनाओं में अबतक 7 सौ 24 दशमलव शून्य छह पांच हेक्टर क्षेत्रफल जंगल प्रभावित हुआ है। सर्वाधिक 329 वनाग्नि की घटनाएं कुमाऊं मंडल में दर्ज की गई है। आग लगने के कारण अबतक वन संपदा को 14 लाख 99 हजार 436 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

टिहरी वनाग्नि

गर्मी बढ़ने के साथ ही राज्य के पर्वतीय जिलों में वनाग्नि की घटनाओं में तेजी देखने को मिल रही है। टिहरी जिले में लगभग 80 वनाग्नि की घटनाओं में अबतक 53 दशमलव चार आठ हेक्टर भूमी को नुकसान पहुंचा है। वनाग्नि की रोकथाम के लिए वन विभाग और जिला आपदा प्रबंधन जुटा हुआ है। जिले की उप प्रभागीय वनाधिकारी रश्मि ध्यानी ने बताया कि आग की रोकथाम के लिए जिले में 180 क्रू स्टेशन स्थापित किए गये हैं। हर क्रू स्टेशन पर 2 से तीन फायर वाचर्स की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में सुबह से हो रही बूंदाबांदी से वनाग्नि की घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है।

चारधाम यात्रा बुकिंग

प्रदेश में चारधाम यात्रा के लिए इस बार ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। इसके लिए ऑनलाइन व अन्य माध्यमों से पंजीकरण की व्यवस्था जारी हैं। 15 अप्रैल से अबतक 15 लाख 66 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है। सर्वाधिक पांच लाख 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने केदारनाथ धाम और 4 लाख 53 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ धाम के लिए पंजीकरण कराएं हैं। आज देहरादून में पत्रकारों को जानकारी देते हुए पर्यटन और संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि यात्रा मार्गों पर स्थित गढ़वाल मंडल विकास निगम के 94 अतिथि गृह के लिए अबतक 11 करोड़ 75 लाख से अधिक की ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग की गई है।

टिहरी चारधाम यात्रा

टिहरी जिले में भी चारधाम यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। ऋषिकेश–बद्रीनाथ और ऋषिकेश–गंगोत्री राष्ट्र राजमार्ग में नरेंद्र नगर, कुंजापुरी, ताछला और अन्य स्थानों पर मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। आकाशवाणी से बातचीत में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि यात्रा से संबंधित अधिकारियों को समय पर सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गये हैं। साथ ही श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान सभी मूलभूत व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने को कहा गया है।

बस्ता मुक्त दिवस

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आज पहली बार प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में बस्ता मुक्ति दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सभी छात्र–छात्राएं विद्यालयों में बिना स्कूल बैग के पहुंचे थे। बस्ता मुक्ति दिवस पर चंपावत जिले में कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। जिले के माध्यमिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह मर्तोलिया ने बताया कि सभी विद्यालयो में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये।

कार्तिकेय स्वामी मंदिर

रुद्रप्रयाग के क्रौंच पर्वत में स्थित कार्तिकेय स्वामी मंदिर में आगामी 15 मई को भव्य 108 बालमपुरी शंख पूजा और हवन कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसको देखते हुए जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने खडपतिया हैलीपैड़ से लेकर क्रौंच पर्वत में भगवान कार्तिकेय स्वामी मंदिर तक की तैयारियों का पैदल मार्ग से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 10 मई तक सभी व्यवस्थाएं पूरा करने के निर्देश दिए।

मां अन्नपूर्णा मंदिर

समुद्र तल से करीब 12 हजार फीट की ऊंचाई पर उत्तरकाशी के डोडीताल में स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट आज श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। कपाट खुलने से पहले सभी देव डोलियां, पांडव पश्वा और श्रद्धालुओं ने डोडीताल स्थित झील में स्नान किया। गौरतलब है कि कपाट खोलने की प्रक्रिया के लिए केल्शू घाटी के विभिन्न गांवों से देवताओं की डोलियां गुरुवार शाम को ही अगोड़ा गांव पहुंच गई थीं।

लोकसभा चुनाव

लोकसभा चुनाव के शेष पांच चरणों के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। तीसरे चरण में 12 राज्यों की 94 सीटों पर सात मई को मतदान होगा। इस दौर में कुल एक हजार तीन सौ इक्यावन उम्मीदवार मैदान में हैं।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल मतदान के साथ 11 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव सम्पन्न हो गए हैं। इस चरण में 88 लोकसभा सीटों पर लगभग 61 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान आमतौर पर शांतिपूर्ण रहा और गर्मी के बावजूद मतदाताओं में उत्साह देखा गया। गौरतलब है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के पहले चरण में 19 अप्रैल को उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर मतदान हो चुका है। राज्य के कुल 55 उम्मीदवार इस बार चुनावी मैदान में हैं।

मौसम

राजधानी देहरादून समेत राज्य के अधिकांश जिलों में आज बादल छाए रहे। सुबह कहीं–कहीं बूंदाबादी और तेज हवाएं चलने से मैदानी इलाकों में लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। वहीं, मौसम विभाग ने आज राज्य में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा झोंकेदार हवाएं चलने का अनुमान व्यक्त किया है। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि कल मौसम सामान्य रहेगा, जबकि 29 और 30 अप्रैल को मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिलेगा।

पालीथिन जब्त अभियान

प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चालानी कार्रवाई जारी है। इस अभियान के तहत अब तक देहरादून में 2 लाख 33 हजार रुपये के 237 चालान किए जा चुके हैं। साथ ही लोगों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है।